ओआईएच

भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1187

दिनांक 03 दिसम्बर, 2024

कृषि विज्ञान केन्द्र

1187. श्री संजय उत्तमराव देशमुख :

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कृषि विद्यापीठ के अंतर्गत एक जिले के लिए स्वीकृत कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) की न्यूनतम संख्या कितनी है;
(ख) क्या कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए आकांक्षी जिलों के लिए केवीके केंद्र शुरू करने का कोई विशेष प्रावधान है;
(ग) यदि हां, तो महाराष्ट्र में केवीके की स्थापना किए जाने के लिए स्वीकृत जिलों के नाम क्या हैं;
(घ) महाराष्ट्र के वाशिम, नंदुरबन, धाराशिव और रायगढ़ के आधी गांव जैसे आकांक्षी जिलों में कितने केवीके केंद्र कार्यरत हैं;
(ङ) क्या सरकार को वाशिम जिले के लिए एक स्वतंत्र केवीके शुरू करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;
(च) यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव पर वर्तमान में क्या निर्णय लिया गया है; और
(छ) आकांक्षी वाशिम जिले में नए केवीके केंद्र कब तक स्थापित होने की संभावना है?

उत्तर

कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री भागीरथ चौधरी)

(क) एवं (ख) : राष्ट्रीय कृषि आयोग (1976) ने ''अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार'' पर अपनी रिपोर्ट में प्रत्येक जिले में एक कृषि विज्ञान केन्द्र की सिफारिश की थी। निर्धारित प्रक्रिया तथा दिशा-निर्देशों के अनुसार नए सृजित जिलों में नया कृषि विज्ञान केन्द्र खोलना एक नियमित प्रक्रिया है।

कृषि विज्ञान केन्द्र खोलने के लिए जिले के चयन हेतु निर्धारित मानदंड हैं। इसके अलावा, मेजबान संगठन का चयन निर्धारित योग्यता संबंधी मानदंडों के आधार पर किया जाता है।

<u>(ग) एवं (छ) :</u> वर्तमान समय में महाराष्ट्र जिले में 50 कृषि विज्ञान केन्द्र हैं जिनमें वाशिम, नंदुरबन, धाराशिव (ओस्मानाबाद) तथा रायगढ़ जिले शामिल हैं। महाराष्ट्र राज्य में कोई नया कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

****